तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

4 आदिवासी ब्लॉकों के गांवों तक रोड कनेक्टिविटी, सात सड़कों की स्वीकृति





## खबर संक्षेप

### अपेक्स बैंक गबन मामला में टीम गठित

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन ने अपेक्स बैंक की बरमकेला शाखा में हुए 9.91 करोड़ के गबन मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए 8 दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए शासन ने इस मामले की सूक्ष्म जाँच के लिए एक उच्च स्तरीय विशेष जाँच दल भी गठित किया है। पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 20 नवंबर 2025 को विशेष जाँच दल का गठन किया गया है, जिसमें मंजू महेन्द्र पांडे, उप आयुक्त सहकारिता, जिला जांजगीर चांपा, व्यासनारायण साहू सहायक आयुक्त सहकारिता,जिला रायगढ़, मेसर्स पीयूष पी जैन एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म भिलाई सदस्य के रुप में शामिल है। तत्कालीन शाखा प्रबंधक डी आर वाघमारे सहित 8 अधिकारीए कर्मचारी और आउटसोर्सिंग स्टाफ को नामजद किया गया है। आरोपियों ने 887 किसानों के केसीसी खातों में हेरफेर कर 9,91,20,877.69 का गबन किया, जिसका थाना बरमकेला में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। शासन का संकल्प यह विशेष दल 3 माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा ताकि गबन की गई राशि की वसूली सुनिश्चित की जा सके। शासन किसानों के हितों की रक्षा और दोषियों को कठोर सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस के बैनर में गांधी की तस्वीर को नहीं मिला स्थान:विकास

**रायगढ़।** जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर हमलवार होते हुए भाजपा महामंत्री विकास केडिया ने आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगे तस्वीरें साझा करते हुए कहा दशकों से गांधी के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने महात्मा गांधी की तस्वीर तक को स्थान नहीं दिया। महामंत्री विकास केडिया ने कहा रोजगार गारंटी योजना में मौजूदा विसंगति को दूर करते हुए जी राम जी योजना लाई गई है। कांग्रेस ने भी इस योजना में बहुत से परिवर्तन किए है। रोजगार गारंटी योजना का नाम पहले से महात्मा गाँधी जी के नाम पर नहीं था। 1980 में इंदिरा गांधी ने सभी पुरानी रोजगार योजनाओं को मिला कर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना का नाम दिया जिसे राजीव गाँधी ने जवाहर रोजगार योजना का नाम दे दिया। सोनिया.मनमोहन की सरकार ने 2004 में इसे । कर दिया गया जिसे फिर 2005 में इसका नामकरण मनरेगा पर किया गया। कांग्रेस की सरकार ने जब जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान नहीं था। इसी तरह, आवास योजना का नाम पहले ग्रामीण आवास योजना था, राजीव गांधी ने 1985 में इसका नाम बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया था।



### ट्रक बैटरी चोरी का खुलासा पुसि ने आरोपी को पकड़ा

**अकलतरा।** अकलतरा पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी द्वारा रात्रि के समय राइस मिल परिसर में खड़ी ट्रक से बैटरी चोरी कर फरार हो जाने की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 10 सी 8466 महाराजा राइस मिल, अकलतरा में काटा के लिए खड़ा था, तभी अज्ञात चोर ने रात में ट्रक की बैटरी चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी संजीव धिरही पिता अमरनाथ धिरही, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 13, गुरु घासीदास मोहल्ला को हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उसके कब्जे से चोरी की गई ट्रक बैटरी बरामद की गई।

## किसान नहीं काट पा रहे टोकन, समिति में संपर्क करने कह रहा साफ्टवेयर

# खरीदी के आखिरी समय में सीधे साफ्टवेयर पर ही लगा पहरा, तुंहर टोकन बता रहा एरर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरीदी के आखिरी समय में साफ्टवेयर पर ही पहरा लगा दिया गया है। हालात यह है कि किसानों के लिए बना तुंहर टोकन के साफ्टवेयर में टोकन किसान नहीं काट पा रहे हैं। टोकन के लिए जैसे ही किसान एप खोल रहे हैं वैसे ही टोकन प्राप्त करने के लिए समिति में संपर्क करने कह रहा है। दूसरी ओर किसानों का रकबा एक एकड़ हो चाहे 10 एकड़ बिना सत्यापन समितियों में किसी का टोकन नहीं कट रहा है। ऐसे हालातों में दिनों दिन धान बिक्री को लेकर किसानों की सिरदर्दी बढ़ती जा रही है। अब तो जो किसान धान बिक्री के लिए बचे हैं उनको मौका मिलेगा या नहीं इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। अब मोटा-मोटी धान खरीदी के लिए 13 दिन बाकी है। इस सप्ताह केवल चार दिन ही खरीदी होगी, वजह 14 को मकर संक्रांती है। एक सप्ताह में केवल पांच दिन ही खरीदी होती है।

ऐसे में अब जो किसान धान बिक्री के लिए बाकी है उनको मौका मिलेगा या नहीं इसका भी पता नहीं है। क्योंकि अब तो तुंहर टोकन का एप भी टोकन नहीं काट पा रहा है। किसान अब समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। वहां भी बिना सत्यापन किसी भी किसान का टोकन नहीं कट रहा है। याने अब एक-एक किसानों के जमीनों का सत्यापन के बाद ही टोकन काट रहे हैं। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। कोई एक बार तो कोई दो बार धान बिकी किया है। अभी सैकड़ों किसानों का धान घरों में भंडार है।

**खास बात**
- समिति में बिना सत्यापन नहीं कट रहा टोकन, याने अब धान बिक्री करना हुआ कठिन
- अब बाकी है खरीदी के लिए गिनती के दिन




### 35 लाख 76 हजार क्विंटल धान खरीदी

अब तक 35 लाख 76 हजार 438 क्विंटल धान खरीदी हुई है। यह बीते साल से 15 लाख 11 हजार 538 क्विंटल कम है। अभी 13 दिन खरीदी बाकी है। इतने दिनों में बीते साल का आंकड़ा भी छू पाना आसान नहीं है। कुल मिलाकर कम धान खरीदी की जो मंशा है उसमें शासन सफल होते दिखाई दे रहा है। अब तक जिले में 56 हजार 935 किसानों ने धान बिक्री किया है। 85 हजार 241 किसान रजिस्टर्ड हैं। याने अभी भी 28 हजार 306 किसान धान बिक्री के लिए बाकी हैं। इसमें अधिकांश किसान बड़े रकबा वाले हैं जिनका एक या दो टोकन ही कटा है। अब इन किसानों का सत्यापन हो रहा है। इसके बाद भी टोकन कटेगा या नहीं कोई बता नहीं पा रहा है।

### नहीं हो रहा धान उठाव, जाम की स्थिति

मुख्यालय के आसपास के समितियों का धान तो उठ रहा है, लेकिन दूरी वाले सेंटरों में जाम की स्थिति निर्मित हो चुकी है। अधिकांश समितियों में बफर लिमिट भी पार हो चुका है। अभी तक केवल 83 मिलर ही धान उठाव कर रहे हैं, जबकि 131 मिलरों को अनुमति हो चुकी है। इनके साथ 326 अनुबंध भी हो चुका है। इसके बाद भी उठाव को काफी धीमी बताई जा रही है।

## अटल चौक का सिग्नल बंद, एक ट्रैफिक जवान के भरोसे पूरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर के चौक-चौराहों में सिग्नल व स्टॉप लाइन की अनदेखी से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई हे। शहर के प्रमुख अटल चौक पर कई सालों बाद ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में वह बंद हो गया। सिग्नल बंद होने से चौक पर भारी वाहनों, बाइक और स्कूटी सवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिना किसी डर के वाहन चालक मनमर्जी से वाहन निकाल रहे हैं, जिससे हर समय जाम और हादसों की स्थिति बनी रहती है।

ज्ञात हो कि अटल चौक डेंजर प्वाइंट में शामिल है, इसके बाद भी प्रशासन के द्वारा लापरवाही की जाती है, पूरा चौक सिर्फ एक ही ट्रैफिक जवान के भरोसे है, नो एंट्री के खत्म होते ही गाड़ियों की लंबी लाइन लगना शुरू हो जाती है, उपर से सिग्नल बंद होनें के कारण गाडियां किसी भी दिशा से आना जाना शुरू कर देती है, जिसकी वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा शुरू हो सकता है।

### दिनभर सड़क पर खड़े रहते हैं वाहन

अटल चौक के प्रत्येक स्थानों पर दिनभर भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। ट्रैफिक पुलिस की नियमित मौजूदगी नहीं होने से वाहन चालक बेखौफ होकर जहां-तहां वाहन खड़े कर देते हैं। इससे न सिर्फ जाम लगता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।पिछले माह ही एनएच पर खडी गाडी से टकरानें के कारण 2 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

### इन चौक-चौराहों में बढ़ा यातायात का दबाव

औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। खासकर सुबह और शाम के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है। ट्रक, ट्रेलर और बड़े वाहनों की कतारें लग जाती हैं, जिससे आम लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है।

## मनरेगा के नियमों में बदलाव को लेकर कांग्रेस ने रखा एक दिन का उपवास

**रायगढ़।** जिले में मनरेगा योजना के नियमों में किए गए कई बदलाव को लेकर कांग्रेस विरोध कर रही है। रविवार को घरघोड़ा ब्लॉक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दिन का उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। देशभर में चल रहे मनरेगा बचाव संग्राम के तहत रायगढ़ ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा को कमजोर किए जाने और मजदूरों के काम के अधिकार की रक्षा के लिए एक दिन का उपवास रखकर विरोध किया। यह प्रदर्शन रविवार को घरघोड़ा के जय स्तंभ चौक पर दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ।

इसमें जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी, शहर अध्यक्ष शाखा यादव, युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उस्मान बेग सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपवास पर बैठे। इस मौके पर नगेन्द्र नेगी ने कहा कि मनरेगा योजना साल 2005 में यूपीए सरकार के समय शुरू की गई थी, ताकि गांव के मजदूरों को काम मिले और उन्हें बाहर पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अब कानून में बदलाव कर काम की गारंटी खत्म की जा रही है। सरकार 125 दिन काम देने की बात तो कर रही हैए लेकिन इसकी कोई पक्की गारंटी नहीं है। इससे मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा कि सरकार मनरेगा का नाम बदल रही है, लेकिन मजदूरों को काम नहीं दे रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि शाम 5 बजे तक यहां प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया और मनरेगा को लेकर आगे भी लगातार आंदोलन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### आगे भी जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार मनरेगा का नाम बदल रही है, लेकिन मजदूरों को काम नहीं दे रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि शाम 5 बजे तक यहां प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और मनरेगा को लेकर आगे भी लगातार आंदोलन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुरकुट नदी किनारे मिली महिला की लाश जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कुरकुट नदी किनारे एक महिला की सड़ी-गली लाश मिली है। घटना 10 जनवरी की बताई जा रही है, जब बैहामुड़ा से बनखेता जाने वाले रास्ते में नदी किनारे अज्ञात महिला का शव देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची, शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए शव को घरघोड़ा अस्पताल भेजा गया। पुलिस जांच में मृत महिला की पहचान राम प्यारी सारथी, पिता धोबाई राम, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी पोरडा, थाना घरघोड़ा के रूप में की जा रही है। शव की हालत से अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की मृत्यु करीब 4 से 5 दिन पूर्व हुई होगी। बताया जा रहा है कि शव पूरी तरह सड़-गल चुका है, वहीं महिला के दोनों हाथ बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए हैं। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि जंगली जानवरों द्वारा शव को नुकसान पहुंचाया गया हो।

## आज से साढ़े 8 बजे लगेंगे स्कूल, शीतलहर को देखते हुए बढ़ाया गया समय

- स्कूली बच्चों को हो रही है दिक्कत, पालक भी थे परेशान
- अब मिलेगी कुछ राहत



### छोटे बच्चे को ज्यादा खतरा

अधिकांश प्राइवेट स्कूल सुबह ही लगती है। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के बच्चे शामिल होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा दिक्कत नर्सरी और प्रायमरी के बच्चों को होती है। अब इन बच्चों को कुछ राहत मिलेगी। हालांकि कई स्कूल तो शिक्षा विभाग के आदेश का पालन भी नहीं करते हैं।

**रायगढ़।** कड़कड़ाती ठंड ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। हालात यह है कि लोग न तो समय पर काम पूरा कर पा रहे हैं और न ही समय पर दिनचर्या पूरी हो रही है। इस तरह के हालात निर्मित होने से सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रहा था। ऐसे में शिक्षा विभाग ने स्कूल समय में बदलाव किया है। अब पहली पाली की स्कूल जहां साढ़े 8 बजे लगेगी। वहीं दूसरी पाली का समय 12 से 12.15 किया गया है। दूसरी पाली की छुट्टी 4 बजे होगी। इससे बच्चों और पालकों को कुछ राहत मिलेगी।

बीते कुछ दिनों से जिले में ठंड ने रिकार्ड तोड़ दिया है। इससे जहां बीमारी का डर भी बना रहता है। वहीं ठंड की वजह से काम-काज में भी कई तरह की दिक्कतें आ रही है। सामान्य तौर पर सरकारी कर्मचारियों को कोई दिक्कत नहीं होती है, लेकिन प्राइवेट नौकरी करने वालों को काफी दिक्कतें होती है। कारण उनको शिफ्ट में ड्यूटी करनी पड़ती है। दूसरी ओर स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही थी। इसके कारण शिक्षा विभाग ने स्कूल के समय में कुछ बदलाव किया है। जिले में अधिकांश स्कूल दो शिफ्ट में लगती है। पूर्व में पहली शिफ्ट सुबह साढ़े 7 बजे लगती थी। अब समय को बढ़ाया गया है। अब पहली शिफ्ट सुबह साढ़े 8 तो दूसरी शिफ्ट सवा 12 बजे लगेगी। दूसरी शिफ्ट की छुट्टी 4 बजे हो जाएगी। पहले पांच बजे होती थी।

## डोमेन एक्सपर्ट के रूप में शामिल हुए वित्त मंत्री ओपी



**रायगढ़।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 कार्यक्रम में बिल्डिंग ए सस्टनेबल एण्ड ग्रीन विकसित भारत थीम पर डोमेन एक्सपर्ट के रूप में शामिल विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की यात्रा में आज युवा पीढ़ी केवल सहभागी नहीं, बल्कि पथप्रदर्शक की भूमिका निभाते हुए विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए अपनी असीम ऊर्जा, सृजनात्मकता एवं तकनीकी कुशलता से सबसे बड़ा इंजन बनकर उभर रही है।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला सहित दो की मौत

- लैलूंगा और सारंगढ़ थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** महिन्द्रा शो रूम में काम करके घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरे को गंभीर चोट आई है। पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। उक्त घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। वहीं सारंगढ़ क्षेत्र के दानसरा निवासी एक महिला की सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मधु राठिया निवासी राजगांव ने लैलूंगा थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसका भतीजा राजेश राठिया बाइक में सवार होकर महिन्द्रा शो रूम में काम करने गया था। जहां से रात करीब 9 बजे के आसपास मोहित मांझी निवासी बैगिनझरिया को लेकर लौट रहा था इसी दौरान जब वह पतरापारा के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दिया। दोनों घायलों को मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान राजेश राठिया को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल मोहित मांझी को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। बहरहाल परिजनों की रिपोर्ट के बाद लैलूंगा पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 184, 106(1) 125(ए) 281 के तहत अपराध दर्ज किया है। इसी तरह की एक अन्य घटना में सारंगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दानसरा की रहने वाली महिला सुशीला भोई 75 साल अपने नाती के साथ बाइक में सवार होकर रिश्तेदार के घर से वापस गांव लौट रही थी। जब वे लोग मल्दा और बांधापाली के बीच पहुंचे ही थे कि बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ में गिर गई।

## दहेज़ में कार नहीं लाने पर पति ने पत्नी को निकाला घर से

**रायगढ़।** एक नव विवाहित व गर्भवती महिला को दहेज में कार की मांग करते हुए प्रताड़ित कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद महिला पुलिस ने पति समेत सास-ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार थाने में एक महिला ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 23 दिसंबर 2024 को मुस्लिम रीति रीवाज से उसका विवाह मिर्जा सुहेल बेग के साथ हुआ था। पीड़िता ने बताया कि विवाह के समय परिजनो ने अपने हैसियत के अनुसार नकदी रकम 2 लाख 50 हजार, सोना, चांदी, कांसा-पीतल, स्टील बर्तन, क्रांकरी के सामान वस्त्र तथा गृहस्थी के विभिन्न सामान दिए थे। विवाह के दो दिन बाद ही 25 दिसंबर की सुबह 10 बजे पति मिर्जा सुहेल बेग, सास आमना खातुन एवं ससुर मिर्जा सलीम बेग ने शादी में खर्चा नहीं किए हो कहकर 5 लाख की मांग करने लगे। पीड़िता ने बताया कि एक माह के भीतर ही उसके पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों को नगद 5 लाख रुपए दे दिया। इसके बावजूद ससुराल के लोगों ने आज कल सामान्य लोग भी शादी में कार देते हैं कहते हुए कार के एवज में 25 लाख की मांग करने लगे, लेकिन परिजनों ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण रकम देने से मना कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पति, सास तथा ससुर द्वारा की गई दहेज की मांग को पूरा नहीं करने पर वे लोग उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। साथ ही उससे गाली-गलौज, झगड़ा झंझट करने लगे। पीड़िता ने बताया कि वह अपना वैवाहिक जीवन टूटने नहीं देना चाहती थी, इसलिये मौन होकर यातनाएं सहती रही। इसके बावजूद उससे मारपीट किया जाता रहा। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि मई माह में गर्भवती होने के बाद भी उसका पति मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देता रहा।




### पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया है कि दहेज की मांग पूरी नही होने समझाइस देने 2 सितंबर को उसके पिता और भाई घरघोड़ा पहुंचे, ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग पर अडे रहे और पीड़िता को घर से निकाल दिया। जिसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि अभी वह 8 माह की गर्भवती है और कई सामाजिक बैठकों के बाद भी ससुराल पक्ष के लोग उसे नहीं रख रहे। महिला थाना रायगढ में कांउसिलिंग के दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को रखने से इनकार भी कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत महिला थाने में की है। जिस पर धारा 85, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले को जांच में ले लिया गया है।

## 2017 में शुरू हुआ काम आधे में बंद, बिल्डिंग हो रही खंडहर

# छात्राओं के लिए बन रहे अतिरिक्त कमरे 8 साल से अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गर्ल्स कॉलेज लंबे समय से सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। हजारों की संख्या में पढ़नें वाली छात्राओं के लिए इस कॉलेज में केवल छह कमरे ही उपलब्ध है। कॉलेज में नए नए संकायों की बढोत्तरी के अनुसार कमरे उपलब्ध नहीं है,ऐसे में छात्राओं को पढ़ानें के लिए जगह पड़ रही है, जिस वजह से हॉस्टल की बिल्डिंग में कक्षांए संचालित की जा रही है।

कमरों की कमी के कारण कई बार तो कक्षाओं को दो पालियों में संचालित की जाती है। वहीं दूसरी ओर कमरों की कमी को देखते हुए नया बिल्डिंग बनानें का काम शुरू 8 साल पहले शुरू हुआ था, जो कि आज तक अधूरा ही है। सालों से अधूरा पड़ा बिल्डिंग अब धीरे धीरे खंड़हर होते जा रहा है।इस परेशानी को लेकर कॉलेज की प्रिंसिपल के द्वारा कई बार पत्राचार किया गया लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है। दूसरी ओर गर्ल्स कॉलेज में हर साल बरसात के दिनों में पानी भर जाता है। जिसकी वजह से पूरे बरसात के सीजन में पढाई व्यवस्था ठप्प रहती है। छात्राओं को कॉलेज के अंदर जानें के लिए बेंच का पुल बनाकर अंदर प्रवेश करना पडता है। नई बिल्डिंग के बन जाने से छात्राओं को इस मुसीबत से छुटकारा मिल पाता ।



कॉलेज की नई बिल्डिंग के लिए प्रावधान की गई राशि प्राप्त नहीं हो सकी, जिस वजह से कार्य रूक गया है। इसकी जानकारी वित्त मंत्री को भी दी गई है। उन्होंनें इसके संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए है, राशि आते ही काम फिर से शुरू हो जाएगा ।

डॉ उमा नेगी, प्राचार्य, केएमटी गर्ल्स कॉलेज

### 2017 में शुरू हुआ कार्य 8 सालों से बंद

केएमटी गर्ल्स कॉलेज जिले का एकमात्र गर्ल्स कॉलेज है। जहां वर्तमान में 22 सौ छात्राएं पढाई करती है।कमरों की कमी को देखते हुए गर्ल्स कॉलेज में अतिरिक्त कमरें बनवानें का काम साल 2017 में शुरू हुआ था। जिसके लिए 1 करोड 44 लाख रूपए की राशि का प्रावधान किया गया था,लेकिन बजट के अभाव में पिछले 8 सालों से काम बंद है। 8 सालों से काम बंद होनें के कारण मजबूरी में छात्राओं को हॉस्टल के कमरों में पढ़ाई करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीईओ लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु समिति गठित

**अंबिकापुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए ईआरओ-एईआरओ लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें ईआरओ-एईआरओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, डीईओ लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें अपर कलेक्टर सरगुजा अमृत लाल ध्रुव को अध्यक्ष होंगे, वहीं आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा, जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी जियाउर रहमान, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी लव त्रिपाठी, जिला रोजगार अधिकारी ललित पटेल, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी दीपेन्द्र यादव, पोस्टमास्टर डाकघर अंबिकापुर मनोज पाण्डे, ई-जिला प्रबंधक जिला सरगुजा वैभव सिंह एवं भू-अभिलेख अधीक्षक सरगुजा श्रीमती उषा नेताम सदस्य होंगे।

### लकड़ी काट रहा ग्रामीण हुआ अचेत, अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** लकड़ी काट रहा ग्रामीण अचानक मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन ग्रामीण को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम टपरकेला निवासी ओम प्रकाश पोर्ते आ. कलम साय पोर्ते (43 वर्ष) शुक्रवार को दूसरे घर से पत्नी के साथ माता-पिता के घर आया। पिता को लकड़ी काटते देख पिता को घर भेजकर खुद लकड़ी काटने लगा। लगभग 10 मिनट बाद शोर की आवाज सुन पिता बाहर निकला तो देखा पुत्र बेहोश हालत में पड़ा था। परिजन तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के आदि युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सरगवां निवासी संदीप टोप्पो आ. विजय टोप्पो (35 वर्ष) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार को पत्नी घुमन टोप्पो काम पर गई थी तभी वह शराब के नशे में घर के समीप आमा पतरा बगीचा में चला गया। शाम को जब पत्नी काम से लौटी तो पड़ोसी ने बताया कि संदीप आमा पतरा बाउंड्री में चिल्ला रहा है। जब पत्नी बाउंड्री में गई तो वह वहां पड़ा हुआ था। परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक कीटनाशक पी लिया था।

### मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**अम्बिकापुर।** पण्डो जनजाति समाज ने आईजी एवं सूरजपुर एसपी को ज्ञापन सौंप समाज के लोगों के साथ पूर्व में हुई मारपीट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है तथा तत्काल गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष उदय पण्डो ने बताया कि अपनी जमीन पर पीएम आवास निर्माण के दौरान 20 दिसम्बर को ग्राम धरसेडी निवासी जगजीत यादव, नरेंद्र यादव, गायत्री यादव, सुमित्रा यादव, विष्णु यादव एवं जय कुमार यादव ने पण्डो समाज की लीलावती पण्डो, रंगलाल पंडो एवं मनमोहन पंडो पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 190, 191, 296, 35 का प्रकरण दर्ज किया है लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है जिससे पीड़ित भयभीत है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।

## दीवारों पर भगवान, ग्राम देवता और महान विभूतियां, संस्कृति से सजी शहर की पहचान

# स्वच्छ -सुंदर जशपुर की परिकल्पना हो रही साकार






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वच्छ जशपुर–सुंदर जशपुर की थीम पर जशपुरनगर में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य अब केवल शहरी सुंदरता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इसमें आस्था, आदिवासी परंपरा, इतिहास और प्रेरणा का जीवंत संगम देखने को मिल रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में नगर पालिका के द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर कराए जा रहे कार्यों ने जशपुर की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त किया है।

बीएसएनएल कार्यालय, सिटी कोतवाली के बाउंड्री वॉल सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर बनाई गई भित्ति चित्रकारी में भगवान के स्वरूपों के साथ-साथ ग्राम देवता को भी विशेष स्थान दिया गया है। इसके साथ ही देश की महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानियों और समाज सुधारकों की तस्वीरें उकेरकर आस्था, परंपरा और राष्ट्रप्रेम को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया गया है।

### आदिवासी आस्था और लोकसंस्कृति का सम्मान

ग्राम देवता की चित्रकारी ने विशेष रूप से आदिवासी अंचल जशपुर की लोकआस्था और परंपराओं को सम्मान दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम देवता केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि गांव की पहचान, सुरक्षा और सामूहिक विश्वास का प्रतीक हैं। दीवारों पर उन्हें स्थान देकर प्रशासन ने स्थानीय संस्कृति और जड़ों से जुड़े मूल्यों को सहेजने का सराहनीय प्रयास किया है।

### धर्म, संस्कृति और सामाजिक संदेश एक साथ

इन चित्रों में जहां एक ओर धार्मिक श्रद्धा झलकती है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों के संदेश भी प्रभावी ढंग से उभरे हैं।

### यात्रा सुखद और प्रेरणादायक

महान विभूतियों के चित्र युवाओं को प्रेरणा दे रहे हैं, जबकि ग्राम देवता और लोक प्रतीकों से जुड़ी कला लोगों को अपनी परंपरा से जोड़ रही है।शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले नागरिकों का कहना है कि यह चित्रकारी यात्रा को भी सुखद और प्रेरणादायी बना रही है। लोग रुककर इन कलाकृतियों को निहारते हैं, तस्वीरें लेते हैं और बच्चों को इनके पीछे की कहानियां बताते नजर आ रहे हैं।

### शहरवासी महसूस कर रहे गौरवान्वित

नागरिकों का मानना है कि इस तरह के सौंदर्यीकरण से जशपुरनगर की छवि एक सुसंस्कृत, स्वच्छ और परंपराओं से जुड़े शहर के रूप में उभर रही है। बाहरी लोगों पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और शहर के प्रति गर्व की भावना और मजबूत हुई है।

### सीएमओ की आम लोगों से अपील

नगर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने बताया कि आने वाले समय में शहर के अन्य प्रमुख चौराहों, पुलों और सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह आस्था, ग्राम संस्कृति और सामाजिक संदेशों से जुड़ा सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन कलाकृतियों और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा करें तथा स्वच्छ जशपुर–सुंदर जशपुर अभियान को जनभागीदारी से और मजबूत बनाएं।



# पुलिस ने मनोरा क्षेत्र से 6 गौवंश कराए मुक्त

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जशपुर पुलिस ने चौकी मनोरा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जंगल के दुर्गम रास्तों से पैदल ले जाए जा रहे 6 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से सकुशल मुक्त करा लिया गया। पुलिस को देखकर आरोपी जंगल का सहारा लेकर फरार हो गए, जिनकी तलाश तेज कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जनवरी की सुबह लगभग 5.25 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ तस्कर चढ़िया पहाड़ी जंगल होते हुए हाथीगाढ़ा नाला के रास्ते गौवंशों को मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही दो संदिग्ध गौवंशों को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से सभी 6 गौवंशों को सुरक्षित बरामद किया तथा पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। मामले में चौकी मनोरा में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क का)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### ऑपरेशन शंखनाद जारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में गौ तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी है। मनोरा क्षेत्र से 06 गौवंशों को मुक्त कराया गया है और फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# शिविर में वरिष्ठ जनों को किया गया कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय से संबंद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर के शिविर ग्राम बालमगोड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर रविंद्र कौर चौबे का आकस्मिक निरीक्षण प्रवास हुआ शिविर निरीक्षण के साथ उन्होंने ग्राम के बुजुर्ग और वरिष्ठजनों को रोटरी क्लब रायगढ़ स्टील सीटी द्वारा प्रदत्त कंबल का वितरण किया। छात्र-छात्राओं ने अपने कार्यक्रम समन्वयक का विशेष रूप से स्वागत किया।

कार्यक्रम अधिकारी मंजू पटेल ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र कौर चौबे एवं प्राचार्य हितेंद्र सिंह पटेल ने छात्र छात्राओं को एनएसएस के कार्यक्रम से जुड़कर अपना भविष्य निर्माण करने व्यक्तित्व का विकास करने हेतु प्रेरक उद्बोधन दिया वहीं वरिष्ठ व्याख्याता किरण कुमार पटेल ने भी अपना आशीवर्चन दिया। ग्राम के वरिष्ठजनों ने कंबल प्राप्त कर विशेष रूप से हर्ष व्यक्त किया तथा उनके चेहरे पर कृतज्ञता का भाव स्पष्ट झलक रहा था।



### शिविर का होगा आज समापन

शिविर का समापन कार्यक्रम 12 जनवरी को एनएसएस के प्रतिक पुरुष स्वामी विवेकानद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए भव्य स्वरूप में संपन्न होगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री उमेश पटेल की उपस्थिति होगी। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उनके उत्कृष्ठ कार्य हेतु विशेष सम्मान किया जाएगा।

# महापल्ली में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दूसरे दिन भगवत प्रेमी हुए भाव विभोर

**रायगढ़।** रायगढ़ पूर्वी अंचल के ग्राम महापल्ली जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव प्रारंभ हो गया है। गत 9 जनवरी को विधिवत कलश यात्रा के साथ यह महोत्सव प्रारंभ हो गया। रविवार को कथा का दूसरा दिन था। व्यासपीठ पर बैठे कथा वाचक पंडित रामकृष्ण दास शास्त्री का महापल्ली के प्रांगण में लगातार यह तीसरा वर्ष आयोजन हैए जहां भक्त पूरी श्रद्धा से कथा श्रवण कर रहे हैं।



रोज अपराह्न तीन बजे से प्रारंभ इस कथा महोत्सव में आस पास के ग्रामीण भक्त जन पहुंच रहे हैं। कथा वाचक शास्त्री जी ने भगवन कृष्ण द्वारा उत्तरा के गर्भ रक्षा और कुंती बुआ के साथ संवाद को बड़े ही आदर्श ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तरा को जब यह आभास हुआ कि उसके गर्भ जिसमें अभिमन्यु पल रहा थाएउसे खत्म करने के लिए अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र संधान किया है तो उत्तरा ने श्री कृष्ण को आराधना कर गर्भ रक्षा का निवेदन किया तब भगवान श्री कृष्ण स्वयं एक छोटा रूप धारण कर उत्तरा के गर्भ में समा गए और गर्भ के चारों ओर ऐसा आवरण तैयार कर दिया जिससे ब्रह्मास्त्र गर्भ को छू तक नहीं सका। उत्तरा का यह सौभाग्य था कि भगवान स्वयं उतरा के गर्भ में अभिमन्यु के साथ कुछ पल रहे । इस सब को देखकर माता कुंती ने श्री कृष्ण के पैर छूने लगी तब श्री कृष्ण ने बड़े प्रेम से कहा कि बुआ आप यह क्या कर रही हो एआप तो मेरे बुआ हो मेरे पैर क्यों छू रहे हो तब कुंती ने कहा कि हे कृष्ण तुम छलिया होएमैं तुम्हें पहचान गई हूं। तुम सर्वग्य हो एसर्व शक्तिमान हो और सब पर निवास करने वाले विश्वव्यापी हो । इस पर श्री कृष्ण ने खुश होकर कहा कि आप जो कुछ मांगेंगी मैं देने को तैयार हूं, मांगो तब कुंती ने दुख मांगी ।इससे श्री कृष्ण ने कहा कि यह क्या मांग रही होएसब तो सुख मांगते हैं और तुम दुख मांग रही हो तब कुंती ने कहा कि हे भगवान जब जब भी हमारे साथ दुख मिले चाहे लखयागृह हो या द्रोपदी का वस्त्र हरण या फिर फिर भीम पर संकट हर दुख में आप साथ देते हो एमुझे सुख नहीं चाहिए जिससे आपको पा न सकूं। कथा वाचन के दूसरे दिन परीक्षित जन्मए शुकदेव जी का आगमन पर वृहद कथा कही गई।

# प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**जशपुरनगर।** राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 08 जनवरी 2026 से ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ है। जिले में कुल 6 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित है। इनमें बगीचा विकासखण्ड के सन्ना में बालिकाओं हेतु 60 सीट एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंग विकासखण्ड जशपुर, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बुढरूडांड विकासखण्ड कांसाबेल, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा विकासखण्ड पत्थलगांव, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसाबहार विकासखण्ड फरसाबहार एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय देंगनी विकासखण्ड मनोरा जिसमें सभी विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु बालकों के लिए 30 सीट एवं बालिकाओं के लिए 30 सीट निर्धारित है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 5 वीं में प्रवेश के लिए नियमावली तथा प्रवेश नीति के लिए ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

### ट्रक बैटरी चोरी का खुलासा पुसि ने आरोपी को पकड़ा

**अकलतरा।** अकलतरा पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी द्वारा रात्रि के समय राइस मिल परिसर में खड़ी ट्रक से बैटरी चोरी कर फरार हो जाने की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 10 सी 8466 महाराजा राइस मिल, अकलतरा में काटा के लिए खड़ा था, तभी अज्ञात चोर ने रात में ट्रक की बैटरी चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी संजीव धिरही पिता अमरनाथ धिरही, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 13, गुरु घासीदास मोहल्ला को हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उसके कब्जे से चोरी की गई ।

# निरीक्षण में अनुपस्थित रहे 31 स्वास्थ्यकर्मी, जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पीएचसी, सीएचसी में निर्देशों के बाद भी स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अस्पतालों में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के नदारद रहते है। ऐसे में जेडी ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है इसके साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने शनिवार को सीएचसी बतौली, पीएचसी बरगीडीह, रघुनाथपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएचसी बतौली में निरीक्षण के दौरान लैब अव्यवस्थित मिला। लैब में स्पुटम स्लाइड अव्यवस्थित रहा और टीबी मरीजों की काउंसलिंग पश्चात उपलब्धि बहुत कम पाई गई। लैब में साफ-सफाई का अभाव था। इतना ही नहीं अस्पताल में पदस्थ 25 अधिकारी कर्मचारी शनिवार को अनुपस्थित मिले। इसी तरह पीएचसी बरगीडीह में संस्थागत प्रसव में कमी पाई गई। ऐसे में उन्होंने संस्थागत प्रसव में वृद्धि करने और भवन में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 102 की व्यवस्था की जाए। बरगीडीह पीएचसी में भी 3 कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह पीएचसी रघुनाथपुर में साफ सफाई की कमी पाई गई। जेडी ने अधिकारियों से कहा कि पुरुष वार्ड में पुरुष व महिला वार्ड में महिला मरीजों को भर्ती किया जाए। वहीं पीएचसी रघुनाथपुर में भी 3 कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। जेडी ने सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# बीईओ के निरीक्षण में बड़े पैमाने पर लापरवाही आई आमने, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से बीईओ अरविन्द कुमार गुप्ता द्वारा किए गए आकस्मिक जांच के बाद लापरवाही और अनुशासनहीनता

- कहीं खुद ही कर लिया अवकाश स्वीकृत तो कहीं शिक्षक पर नशे में रहने का आरोप

के मामलों पर कड़ा रुख अपनाया गया है। 2 से 9 जनवरी के बीच शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में हुए निरीक्षण के दौरान गंभीर शैक्षणिक और प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आई जिसके बाद एक साथ कई प्रधान पाठकों, शिक्षकों व संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला गढ़ौतापारा की प्रधान पाठक पर पद का दुरुपयोग करते हुए नियम विरुद्ध अवकाश करने की बात सामने आई। इसके साथ ही शिक्षक उपस्थिति पंजी में भ्रामक प्रविष्टियां की, शीतकालीन अवकाश के बाद समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया तथा 7 व 8 जनवरी को बिना अनुमति अनुपस्थित रहीं। संकुल समन्वयक अशोक कुमार जायसवाल एवं संकुल प्राचार्य अरुण कुमार को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दोनों



अधिकारियों ने संबंधित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण नहीं किया। माध्यमिक शाला दुप्पी के प्रधान पाठक सोमार साय पैंकरा तथा प्राथमिक शाला दुप्पी के शिक्षकों द्वारा भी शिक्षक डायरी का अद्यतन नहीं करने, शिक्षण कार्य में रुचि की कमी तथा विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर कमजोर होने की बात सामने आई। इसी क्रम में प्राथमिक शाला दुप्पी के सहायक शिक्षक रामरतन सिंह के विरुद्ध शिक्षक डायरी अपूर्ण रखने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण न देने के आधार पर कारण बताओ सूचना जारी की गई है। वहीं माध्यमिक शाला दुप्पी की शिक्षिका को भी शैक्षणिक अनियमितताओं के लिए नोटिस थमाया गया है। सबसे गंभीर मामला ज्योति प्राथमिक शाला जुगिमुड़ा कोदौरा का सामने आया है जहां अनुदान प्राप्त शिक्षिका विद्यालय समय में नशे की हालत में उपस्थित मिली।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रही खरीदी

# सुव्यस्थित व पारदर्शी से हो रही धान खरीदी की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2025द26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों में किसानों की निरंतर आवक बनी हुई है। शासन द्वारा लागू की गई किसान हितैषी नीतियों एवं प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

धान उपार्जन केंद्र महुआटोली, कुनकुरी में अपनी उपज विक्रय करने पहुँचे ग्राम लोधमा के कृषक श्री मोहम्मद अजीज ने बताया कि केंद्र पर धान विक्रय की प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सुविधाजनक रही। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर टोकन प्राप्त हुआ। पर्ची कटने से लेकर तौल प्रक्रिया तक सभी कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। केंद्र पर स्वच्छ एवं पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराया गया तथा वजन कार्य पूर्णतः पारदर्शी तरीके से किया गया। कृषक अजीज ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से किसानों को अब काफी सहूलियत मिल रही है, जिससे समय की बचत हो रही है और अनावश्यक प्रतीक्षा से भी राहत मिली है। उन्होंने शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उन्हें सम्मान और सुरक्षा की अनुभूति भी हो रही है।



### मिशन स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद कुएं में मिला शव

**डांड़गांव।** मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद कुएं में मिला शवक्रिसमस त्यौहार मनाने घर से निकला मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद शव कुएं में मिला। शव मिलने से गांव सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तारा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनगर मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू के पद पर पदस्थ मनोज कुमार एक्का (44 वर्ष) जो लगभग 15 सालों से बाबू के पद पर पदस्थ थे। मूलतः जशपुर क्षेत्र के ग्राम अम्बा पारा निवासी मनोज एक्का 25 दिसंबर को क्रिसमस त्योहार मनाने के लिए रात्रि लगभग 8 बजे घर से निकले थे जिसके बाद वापस नहीं लौटे। 15 दिन में शिवनगर गांव में ही एक पुराने कुएं में गत दिन शव मिला।

### 21 लाख की वसूली के बाद कर्मचारी लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे नगर में सनसनी फैला दी है। एक प्रतिष्ठित व्यापारी की फर्म से जुड़ा कर्मचारी 21 लाख रुपये की भारी रकम लेकर रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। घटना के बाद से न सिर्फ व्यापारी वर्ग, बल्कि आम लोगों के बीच भी चर्चा का बाजार गर्म है। मामला चांपा नगर के व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल की फर्म अरविंद इंडस्ट्रीज से जुड़ा है। फर्म में पिछले 3–4 वर्षों से जनरल सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हरीश देवांगन निवासी चांपा, रोजाना की तरह वसूली कार्य के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद से वह रहस्य बन गया। जानकारी के अनुसार 9 जनवरी की सुबह लगभग 10:30 बजे हरीश वसूली के लिए निकला था। वह आमतौर पर शाम 4 बजे तक वापस लौट आता था, लेकिन उस दिन न तो फर्म पहुंचा और न ही कोई सूचना दी। व्यापारी ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो पता चला कि हरीश ने सक्ती से लगभग 16 लाख रुपये, बाराद्वार (ठठारी) से लगभग 5 लाख रुपये कुल मिलाकर 21 लाख रुपये की वसूली की थी।



# इमराशन हाशमी की 'हक' ने ओटीटी पर किया धमाल

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक' ओटीटी पर लोगों की पसंदीदा बनी हुई है। सिनेमाघरों में फिल्म नवंबर, 2025 को रिलीज हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने से चूक गई। इसका नेट कलेक्शन लगभग 20 करोड़ रुपये के आसपास था। 2026 की शुरुआत में 'हक' को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया जिसके बाद से इसने दर्शकों और चर्चा दोनों के जरिए अपनी लोकप्रियता को कायम रखा है। यह 14 देशों में टॉप 10 में शामिल है। नेटफ्लिक्स की साप्ताहिक रैंकिंग के मुताबिक, 'हक' अपनी स्ट्रीमिंग के बाद से भारत में नंबर 1 पर कब्जा जमाए हुए है।

लाइफ Style

# नताली

## 'टॉक्सिक' के टीजर में मचाया तहलका

एजेंसी ⏭ मुंबई

सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' 19 मार्च को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है जिसने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इस टीजर में यश प्रभावशाली गैंगस्टर 'राया' का किरदार निभाते दिखे हैं।

उनकी कुछ सेकंड की एंट्री देखकर लोगों ने उन्हें आने वाली सुनामी बता दिया है। अभिनेत्री नताली बर्न भी टीजर का हिस्सा हैं जिन्होंने छोटा सा बोल्ड सीन देकर लोगों का ध्यान खींच लिया है। यूक्रेन के कीव में जन्मीं नताली गुस्लिस्टा उर्फ नताली, एक अमरीकी अभिनेत्री, मॉडल, लेखक और फिल्म निर्माता हैं। मिड-डे के मुताबिक उनकी उम्र का तो अंदाजा नहीं है, लेकिन हर साल 20 मई को वह अपना जन्मदिन मनाती हैं। पढ़ाई मॉस्को के बोल्शोई बैले स्कूल से हुई है। इसके अलावा वह लंदन के रॉयल बैले स्कूल की छात्रा भी रही हैं। नताली ने करियर की शुरुआत अभिनेत्री और मॉडलिंग से की। बाद में फिल्म निर्माता और लेखक भी बन गईं। नताली ने कई चर्चित फिल्मों के जरिए हॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान बनाई है। उन्हें 'निम्फ' (2014), 'द एक्सपेंडेबल्स 3' (2014), 'एक्सेलेरेशन' (2019) और 'टिल डेथ डू अस पार्ट' (2023) जैसी कई फिल्मों में देखा गया है। 'द लास्ट रिडेम्पशन' (2024) में डायना की भूमिका के लिए उन्हें पूर्वी यूरोप फिल्म महोत्सव का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था। निजी जिंदगी की बात करें तो अक्टूबर, 2024 में नताली ने एमी पुरस्कार विजेता निर्देशक, टिमोथी वुडवर्ड जूनियर से शादी की थी।



हॉलीवुड मसाला




# विलेन बनकर मचाएंगी तबाही...

**मुंबई।** ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा हमेशा से कुछ नया करने के लिए जानी जाती हैं। फिलहाल तो उनके प्रशंसक आगामी फिल्म 'वाराणसी' का इंतजार कर रहे हैं जिसे बनाने की जिम्मेदारी एसएस राजामौली ने उठाई है। 2027 में इसे रिलीज करने की योजना है। इस बीच, पता चला है कि प्रियंका डिज्नी+ पावर रेंजर्स सीरीज का हिस्सा बन सकती हैं। उससे भी बड़ी बात तो यह है कि सीरीज में उन्हें सुपरविलेन के किरदार में देखा जा सकता है।




# 'एवेंजर्स डूम्सडे' तोड़ेगी मार्वल का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फ्रैंचाइजी 'एवेंजर्स डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। लगातार आने वाले फिल्म और कलाकारों से जुड़े अपडेट लोगों के उत्साह को चरम पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अब नया अपडेट जानने के बाद मार्वल प्रशंसकों की खुशी ठिकाना नहीं होगा, क्योंकि ऐसा यूनिवर्स में पहली बार होने जा रहा है। दरअसल, 'एवेंजर्स डूम्सडे' की रिलीज से पहले इसकी अवधि को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हालिया एक्स रिपोर्ट के अनुसार, मार्वल अपनी सबसे लंबी फिल्म को सिनेमाघरों में पेश करने की तैयारी में है। मतलब यह कि 'एवेंजर्स डूम्सडे' की अवधि करीब 3 घंटे 45 मिनट होने की उम्मीद है। इसमें एंड क्रेडिट्स और पोस्ट-क्रेडिट दृश्य भी शामिल हैं।



# वीर की ब्रेकअप खबरों ने छेड़ी बहस...

**मुंबई।** साल 2026 का आगाज पूरी तरह से हुआ भी नहीं था कि बॉलीवुड में ब्रेकअप की खबर ने जोर पकड़ लिया है। तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं, इस अफवाह ने आते ही लोगों का ध्यान खींच लिया। प्रशंसक जानना चाहते हैं कि आखिर इस फैसले के पीछे की वजह क्या है। वहीं कुछ लोग गायक एपी ढिल्लों को जिम्मेदार बता रहे हैं। ब्रेकअप की खबर से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ चुकी है। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के अनुसार, तारा और वीर का कथित ब्रेकअप हो चुका है। यह खबर मुंबई में एपी के कॉन्सर्ट विवाद के बाद आई है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने दावा करते हुए लिखा, 'फवाहें बढ़ती गईं। दबाव बढ़ता गया। रिश्ता खत्म हो गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर गलती किसकी थी?'




# 'ओ रोमियो' में ऐसे अवतार में दिखे

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' लंबे समय से चर्चा में हैं। निर्देशन विशाल भारद्वाज ने ज्यादा इंतजार न करवाते हुए मोशन पोस्टर जारी कर दिया है। साथ में बता दिया है कि वह शाहिद को नए अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करने के लिए तैयार हैं। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले किया गया है। मोशन पोस्टर के साथ 'ओ रोमियो' की रिलीज तारीख और टीजर का खुलासा भी किया गया है। 'ओ रोमियो' के मोशन पोस्टर में शाहिद का खून से लथपथ खतरनाक दिखाई दिया है। जोर से चिल्लाते हुए उनके चेहरे के रहस्यमयी भाव देखने लायक हैं। फिल्म में तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल और अरुणा ईरानी प्रमुख किरदार में हैं।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस मराठी 6' में दिखेंगे श्रेयस तलपड़े? खुद बताई सच्चाई

**मुंबई।** रितेश देशमुख का रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी अपने छठे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। करीब 100 दिन तक चलने वाले इस रियलिटी शो में 16 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनके नाम जानने के लिए लोग काफी उत्सुक हैं। प्रतिभागियों की aकथित सूची में जैसे ही श्रेयस तलपड़े का नाम शामिल हुआ तो प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर जोर पकड़ रहीं इन चर्चाओं पर श्रेयस की प्रतिक्रिया भी आ गई है।

### श्रेयस ने लोगों की उम्मीदों पर फेर दिया पानी

जूम/टेली टॉक इंडिया के साथ बातचीत में श्रेयस ने 'बिग बॉस मराठी' के छठे सीजन में आने की खबरों पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा, आजकल ऐसा कम देखने को मिलता है। यह झूठी अफवाहें हैं। प्लीज इन्हें नजरअंदाज करें। दुर्भाग्य से, अभिनेता सबसे आसान निशाना होते हैं और कुछ लोग सुर्खियां बटोरने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। अभिनेता ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल वह इस रियलिटी शो का हिस्सा बनने के बिल्कुल मूड में नहीं हैं।

### आज से दस्तक देगा 'बिग बॉस मराठी 6'

पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अभिनेता श्रेयस को 'बिग बॉस मराठी 6' में बतौर प्रतियोगी देखा जाएगा। इस अपडेट से प्रशंसकों की खुशी सातवें आसमान पर थी, लेकिन श्रेयस का स्पष्टीकरण उनका दिल तोड़ सकता है। 'बिग बॉस मराठी 6' 11 जनवरी से कलर्स मराठी और जियोहॉटस्टार पर हर रात 8 बजे प्रसारित होगा। उधर, श्रेयस के काम की बात करें तो उन्हें फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' और 'द गेम ऑफ गिरगिट' में देखा जाएगा।

# प्रभास के दीवाने नकली मगरमच्छ लेकर देखने पहुंचे 'द राजा साब'

मुंबई। दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। पहले दिन सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया दे रहे है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसे देखकर लोग भी हैरान हैं। दरअसल, प्रभास के दीवाने प्रशंसक फिल्म रिलीज का जश्न मनाने के लिए नकली मगरमच्छ लेकर सिनेमाघर पहुंचे हैं।

***द राजा साब के जैसे पहने कपड़े :*** वीडियो में प्रशंसकों का उत्साह देखने लायक है जो 'द राजा साब' की थीम से प्रेरित कपड़े पहनकर, हाथ में नकली मगरमच्छ लिए सिनेमाघरों में एंट्री कर रहे हैं और जोर-जोर से नारे लगा रहे हैं। यह फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य की नकल करने के लिए था, जिसमें प्रभास का किरदार मगरमच्छ से लड़ाई करता है। 'द राजा साब' पैन इंडिया हॉरर-कॉमेडी है जिसमें संजय दत्त, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और जरीना वहाब हैं।



# बॉलीवुड और साउथ के सितारों की महाजुगलबंदी ये नई जोड़ियां मिलकर लूटेंगी पूरा बॉक्स ऑफिस

**मुंबई।** आने वाले समय में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की सीमाएं धुंधली होती नजर आएंगी। कई बड़ी फिल्मों में दोनों इंडस्ट्री के सितारे पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। जहां यश और कियारा आडवाणी फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ आ रहे हैं, वहीं प्रियंका चोपड़ा और साउथ सुपरस्टार महेश बाबू भी 'वाराणसी' के जरिए एक बड़ी जुगलबंदी करने वाले हैं। साउथ और बॉलीवुड का ये महासंगम बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड्स की कहानी लिख सकता है।

***यश-कियारा और प्रियंका-महेश बाबू :*** साउथ सुपरस्टार यश और बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहली बार फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर 'धुरंधर 2' से होगी। उधर एसएस राजामौली अपनी नई फिल्म 'वाराणसी' ला रहे हैं, जिसमें साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू 'रुद्र' के अवतार में और प्रियंका चोपड़ा 'मंदाकिनी' के किरदार में नजर आएंगी। ये फिल्म 1,300 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बन रही है।

***प्रभास-तृप्ति डिमरी और रणबीर कपूर-साई पल्लवी :*** प्रभास और तृप्ति डिमरी को निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अपनी अगली फिल्म 'स्पिरिट' में साथ ला रहे हैं। फिल्म में तृप्ति, प्रभास से रोमांस करती दिखेंगी। ये उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। निर्देशक नितेश तिवारी भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'रामायण' को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। इस महाकाव्य फिल्म में रणबीर कपूर 'भगवान राम' की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं साउथ की बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री साई पल्लवी 'माता सीता' के पवित्र किरदार को जीवंत करेंगी।




***कार्तिक आर्यन-श्रीलीला और जाह्नवी कपूर-राम चरण :*** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कार्तिक आर्यन अब साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रीलीला के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। इस फिल्म से श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। निर्देशक अनुराग बसु की इस फिल्म को एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा बताया जा रहा है। उधर साउथ के सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर 'पेड्डी' नाम की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के लिए साथ आए हैं। उनकी ये फिल्म 27 मार्च, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी।

***अल्लू अर्जुन-दीपिका पादुकोण :*** निर्देशक एटली, जिन्होंने 'जवान' से बॉक्स ऑफिस हिला दिया था, अब अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण के साथ एक एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म ला रहे हैं। इसके जरिए पहली बार अल्लू और दीपिका की जोड़ी बन रही है। खबर है कि 600 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट वाली इस फिल्म में अल्ल्लू अर्जुन एक नहीं, बल्कि 3 अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे।

## विजेताओं का फैसला फरवरी में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा

# ऑस्कर लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' की मजबूत दावेदारी

*मुंबई। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बेफ्टा) 2026 की पहली 'लॉन्ग लिस्ट' जारी कर दी गई है, जिसने ऑस्कर से पहले पूरे हॉलीवुड में हलचल पैदा कर दी है। दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी है। उनकी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' बेफ्टा की शुरुआती सूची में रिकॉर्ड 16 श्रेणियों में जगह बनाकर सबको पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, उनके सामने कई दिग्गज सितारे भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं।*



### पुरस्कार की दौड़ में ये पांच फिल्में शामिल

पॉल थॉमस एंडरसन के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' इस साल दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कारों में से एक बेफ्टा की सबसे बड़ी दावेदार बनकर उभरी है। लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत इस फिल्म को रिकॉर्ड 16 श्रेणियों में जगह मिली है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इसके अलावा 'हैमनेट' और 'सिनर्स' को 14, 'मार्टी सुप्रीम' को 13 और 'फ्रेंकस्टीन' ने 12 श्रेणियों में नामांकन हासिल किया है।

### हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमने-सामने

अभिनय की श्रेणियों में इस बार मुकाबला बेहद कड़ा होने वाला है। लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' के लिए रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, उन्हें कड़ी चुनौती दे रहे हैं टिमथी चालमेट, जिन्हें फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए नामांकित किया गया है। इसके अलावा, माइकल बी जॉर्डन ने अपनी फिल्म 'सिनर्स' और डेनियल कालुआ ने फिल्म 'द अपर रूम' के लिए इस प्रतिष्ठित सूची में अपनी जगह पक्की की है।

### निर्देशन की दुनिया के ये 6 बड़े नाम रेस में शामिल

सर्वश्रेष्ठ निर्देशन की श्रेणी में दुनिया के कुछ सबसे बेहतरीन निर्देशकों ने अपनी जगह बनाई है। रेस में सबसे आगे पॉल थॉमस एंडरसन का नाम है, जिन्होंने अपनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' के जरिए निर्देशन की नई परिभाषा लिखी है। उन्हें कड़ी टक्कर दे रही हैं ऑस्कर विजेता क्लो झाओ, जिनकी फिल्म 'हैमनेट' को लॉन्ग लिस्ट में खास तवज्जो मिली है। इस गौरवशाली सूची में रयान कूगलर, मैगी गिलेनहाल, जोश सफदी और योर्गोस लैंथिमोस जैसे नाम भी शामिल हैं।

### सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में इनकी दावेदारी

दूसरी ओर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में जेसी बकली फिल्म 'हैमनेट' के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उनके साथ इस मुकाबले को और भी रोमांचक बना रही हैं डायोन ग्रिफिथ, जिन्हें फिल्म 'क्वीनी' के लिए सराहा गया है। इस सूची में रेबेका फालुसन (प्रिंसेस) और मरिना वैक्ट (द मदर) जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी अपना मुरीद बना लिया।

### 14 जनवरी को होगा विजेताओं का ऐलान

बेफ्टा की इस लॉन्ग लिस्ट ने 2026 के पुरस्कार समारोह को बेहद रोमांचक बना दिया है। अब सबकी नजरें 14 जनवरी पर टिकी हैं, जब फाइनल नामांकन की घोषणा होगी। विजेताओं का फैसला फरवरी में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शादी से पहले चाकू से युवती की हत्या

**बिरमित्रपुर।** बीरमित्रपुर थाना क्षेत्र के कुआरमुंडा निकट गोबिरा अंचल के रताखंडी गांव की आंगनवाड़ी कर्मी युवती की शादी 12 जनवरी को सेक्टर 8 में होनी थी। इससे पहले उसकी पूर्व प्रेमी ने चाकू घोप कर हत्या कर दी। पुलिस ने शादीशुदा लम्पट प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के अनुसार शादी के तीन दिन पहले शुक्रवार नौ जनवरी की रात उसे बहाने से बुला कर उसके पूर्व प्रेमी ने चाकू से हमला कर फरार हो गया, इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी सांस थम गई, पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल तेज कर दी है। पुलिस के द्वारा लाश को जब्त किया गया साथ ही आरोपित को भी गिरफ्तार कर घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरु की है।

बीरमित्रपुर थाना अंतर्गत रताखंडी गांव निवासी 36 वर्षीय शिखा सपना कुल्लू आंगनवाड़ी कर्मी की शादी 12 जनवरी 2026 को होनी थी। बिसरा थाना क्षेत्र के केरकेटा गांव निवासी 39 वर्षीय मुकेश कुल्लू उससे प्रेम करता था, लेकिन पहले से शादीशुदा था बावजूद इसके शिखा की शादी दूसरे से करना मंजूर नहीं था। उसने शुक्रवार की रात को शिखा को फोन कर गोबिरा गांव बुलाया। उसके बुलाने पर वह शाम को उसके पास पहुंची। शाम करीब सात बजे गोबिरा आंगनवाड़ी केंद्र के पास दोनों बात कर रहे थे तभी उनके बीच कहासुनी हुई। गुस्से में मुकेश पहले से ही एक चाकू अपने पास रखा था। गुस्से में उसने चाकू निकाल कर उस पर कई वार किया जिससे उसे गंभीर चोट लगी।

### सोमनाथ स्वाभिमान दिवस एक बर्बर इतिहास



**राउरकेला।** आज हम सोमनाथ स्वाभिमान दिवस मना रहे हैं। एक ऐसा दिवस जो हमें हजार वर्ष पुराने आक्रमण, बलिदान और अविचलित गौरव की याद दिलाता है। सन 1026 की उस सुबह, पश्चिम दिशा से उड़ती धूल और घुड़सवार सेना के टापों की आवाज़ ने सोमनाथ मंदिर और उसके श्रद्धालुओं की सुरक्षा को चुनौती दी। महमूद ग़ज़नी अपने बर्बर आक्रमण के साथ मंदिर की ओर बढ़ा। उस दिन महमूद की सेना ने मंदिर को लूटकर उसका भव्य स्वरूप मिटा दिया। असंख्य हिंदुओं की जानें गईं, महिलाओं और बच्चों तक को बाँधकर गुलाम बना लिया गया। यही नहीं, इतिहास में दर्ज है कि अलाउद्दीन खिलजी से लेकर औरंगज़ेब तक लगभग 17 बार इस मंदिर पर आक्रमण किए गए। लेकिन हर बार सोमनाथ ने अपनी आत्मा को बचाए रखा। महमूद ग़ज़नी, अलाउद्दीन और अन्य आक्रमणकारियों के बावजूद मंदिर बार बार पुनर्निर्मित हुआ। इसके पुनर्निर्माण में केएम मुंशी और सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान उल्लेखनीय रहा। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आपत्तियों के बावजूद राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर के पुनर्निर्माण का दृढ़ समर्थन किया। सोमनाथ का इतिहास केवल विनाश और आक्रमण की कहानी नहीं है। यह हजारों भारतीयों के आत्मसम्मान और गौरव की जीवित गाथा है।

## गांवों की बदलेगी ग्रामीण तस्वीर, शिक्षा स्वास्थ्य आजीविका को मिलेगी नई दिशा

# आदिवासी ब्लॉकों के गांवों तक रोड कनेक्टिविटी, सात सड़कों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डीएमएफ से जिले के सुदूर वनांचल एवं मैदानी क्षेत्रों लैलूंगा, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, तमनार एवं खरसिया विकासखंडों में कुल 7 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। डीएमएफ मद से स्वीकृत इन सड़कों की कुल लंबाई 23.10 किमी है। यह पहल केवल भौतिक अधोसंरचना के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन में स्थायी सामाजिक और आर्थिक बदलाव की मजबूत नींव रख रही है।

इन सड़कों के पूर्ण होने से संबंधित बसाहटों के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक सहज पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। बच्चों के लिए विद्यालय तक पहुंच आसान होगी, गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और आपातकालीन सेवाएं अधिक सुदृढ़ होंगी। बेहतर सड़क संपर्क से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा जिले के दूरस्थ अंचलों में जीवन स्तर में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन दिखाई देगा। निश्चित रूप से डीएमएफ मद से हो रहा यह सड़क निर्माण सीएम की विकासोन्मुख, संवेदनशील और समावेशी शासन व्यवस्था का सशक्त उदाहरण है, जो जिले में संपर्क क्रांति पर्व के रूप में एक नई विकास गाथा लिख रहा।





निर्माणाधीन सड़क में काम करते लोग।

**इन गांवों को जोड़ेगी सड़क**

स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड में गहनाझरिया सुकवासुपारा से लभनीपारा तक 3.60 किलोमीटर लंबी सड़क का अर्थवर्क कार्य प्रगतिरत है। घरघोड़ा विकासखंड में तुमीडीह से छर्राटांगर तक 4.30 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए साफ सफाई एवं सेटिंग आउट कार्य प्रारंभ हो चुका है। धरमजयगढ़ विकासखंड में ससकोबा मेन रोड से पाराघाटी तक तथा सेमीपाली से क्रोन्धा तक 4.4 किलोमीटर लंबी सड़कों पर जीएसबी, सीसी सहित अन्य निर्माण कार्य जारी हैं। तमनार विकासखंड में अमलीढोढ़ा पीएमजीएसवाय रोड से समकेरा गौरबहरी तक 3.60 किलोमीटर तथा पतरापाली से बरकसपाली तक 1.60 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वहीं खरसिया विकासखंड में खड़गांव से गोरपार बस्ती तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है।



## एनएसएस शिविर बना यादगार ग्रामीण एवं शिविरार्थी हुए उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

बरमकेला वनांचल क्षेत्र के ग्राम डोंगीपानी में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिर्री द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर कैट के जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्र के समाजसेवी रतन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध समिति सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार मोहन नायक तथा ग्राम सरपंच सरधाराम पटेल, बाबूलाल पटेल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वतीए स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं रेडक्रास सदस्य मोहन नायक ने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर जनजागरूकता अभियान एवं दीवार लेखन के माध्यम से सामाजिक संदेश फैलाने पर बल दिया तथा शिविरार्थियों व प्रभारियों के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान शिविरार्थियों द्वारा प्रस्तुत ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा शिविर में शामिल छात्रों को टी शर्ट एवं छात्राओं को सूट पीस वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही ग्राम के जरूरतमंद लोगों को शाल वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कार्यक्रम अधिकारी हेमचंद गढ़तिया द्वारा किया गया, जिनके कुशल मार्गदर्शन में यह शिविर अत्यंत सफल एवं सार्थक रहा। शिविर की सफलता में सह प्रभारी ऋतु पटेल, करुणा पटेल, प्राथमिक शाला डोंगीपानी के प्रधान पाठक वेदकुमार पटेल, पहलाद पटेल तथा ग्राम सरपंच सरधाराम पटेल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीहड़ जंगल के भीतर आयोजित यह सात दिवसीय शिविर सामाजिक चेतना, सेवा एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अत्यंत यादगार एवं प्रेरणादायी रहा।

## सीए के लिए किया गया आईसीएआई स्किल्स एक्स का आयोजन

**रायगढ़।** आईसीएआई रायगढ शाखा द्वारा आईसीएआई स्किल्स एक्स का आयोजन 10 जनवरी को किया गया। यह प्रतियोगिता पहली बार विशेष रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य सदस्यों में तार्किक सोच, प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति कौशल को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर वाद-विवाद एवं वक्तृत्व कला का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतियोगिता में सीए राहुल अग्रवाल एवं वंशिका अग्रवाल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति, तार्किक विश्लेषण एवं प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल के बल पर प्रतियोगिता में जीत हासिल की। निर्णायक मंडल द्वारा उनके आत्मविश्वास, विषय की गहन समझ एवं प्रस्तुति शैली की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा ऐसे आयोजनों को पेशेवर विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। आईसीएआई रायगढ़ शाखा भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, जिससे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिल सके।



## कुष्ठ मुक्त जिला बनाने चल रहा अभियान मिले 118 नए रोगी, उपचार से जोड़े गए

■ भारत सरकार की विशेषज्ञ टीम ने किया अभियान का निरीक्षण

रायगढ़। जिले में 8 दिसंबर से 10 जनवरी तक सघन कुष्ठ खोज एवं उपचार अभियान संचालित किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत घर घर जाकर संदिग्ध मरीजों की पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत जिले में 1397 शंकास्पद लोगों की पहचान की गई, जिनमें 1161 लोगों की जांच पूर्ण की जा चुकी है। जांच उपरांत 118 नए कुष्ठ रोगियों की पुष्टि हुई है, जिन्हें तत्काल उपचार से जोड़ा गया है। कुष्ठ कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता के आकलन के लिए भारत सरकार के क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान से वरिष्ठ अधिकारियों का दल जिले के निरीक्षण पर पहुंचा। निरीक्षण दल में डॉ.कृष्णमूर्ति काम्बले, प्रिंसिपल कंसलटेंट एवं इश्वरी मसीह, कंसलटेंट शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चन्द्रा से सघन कुष्ठ खोज अभियान, अक्षमता पहचान तथा कुष्ठ विकृति रोकथाम से संबंधित कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जांच प्रपत्रों, रिपोर्ट, रजिस्टर संधारण, प्रचार प्रसार सामग्री, नारा लेखन एवं जनजागरूकता गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में लैलूंगा के आश्रित ग्राम में 5 नए कुष्ठ रोगियों की पुष्टि की गई। वर्तमान में रायगढ़ जिले में कुष्ठ रोग की प्रसार दर 3.18 प्रति 10 हजार जनसंख्या दर्ज की गई है।



## स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों हुआ उपचार

**सरिया।** रविवार को सरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मरीज शिविर में पहुंचकर लाभ लिए। नगर के अकाडल अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। 11 जनवरी को आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार करना है। सुबह 11 बजे अग्रसेन मार्ग पर स्थित अकाडल अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने पहुंचे। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों को चिकित्सा परामर्श के साथ साथ शिविर में मरीजों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार दवाओं में भी छोड़ दी गई। इस शिविर की एक प्रमुख विशेषता यह है कि मरीजों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें शिक्षित करना है। डाक्टरों की टीम न केवल समस्याओं का तत्काल उपचार किया बल्कि ग्रामीणों को अपने आप को स्वस्थ बनाए रखने के लिए बेहतर पोषण, स्वच्छता और जीवन शैली के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान डॉक्टर आकाश पंडा अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ने कहा कि यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने और सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बीमारियों का शुरुआती स्टेज में ही पता लगाकर इलाज संभव हो पता है। इस मौके पर डाक्टर प्रिंसी कसेर सामान्य रोग विशेषज्ञ ने कहा कि महिलाओं से अक्सर पेट दर्द की शिकायतें सुनी जाती है।

जबकि अमूमन महिलाएं इसे मामूली समस्या मान कर नजर अंदाज कर देती हैं। जबकि सच तो यह है कि पेट का दर्द किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर राजीव गुप्ता, जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉक्टर आर महिलाने प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डाक्टर प्रिंसी कसेर सामान्य रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर आकाश पंडा अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉक्टर डी के पटेल बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ आर के पटेल सामान्य रोग विशेषज्ञ के साथ साथ अन्य चिकित्सकों की टीम के द्वारा 150 मरीज को लाभ पहुंचाया गया।



## जुआ खेलते 9 जुआरी गिरफ्तार, 43 हजार नकद जब्त

**बिलाईगढ़।** थाना सलिहा पुलिस ने जुआ खेलते 9 जुआरियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को थाना सलिहा प्रभारी को ग्राम धरगांव के सागौन प्लाट, बंधिया तालाब के पास सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस टीम ने दबिश दी, जहां से 9 आरोपियों को जुआ खेलते पकड़ा गया। गिरफ्तार जुआरियों में संतराम जमींदार पिता स्व. धनीराम जमींदार, खीरसाय साहू पिता समारू लाल साहू, भूपेश पटेल पिता जगदीश पटेल, परमानंद नायक पिता जयंतलाल नायक, यशवंत पटेल पिता खेमराज पटेल, महेंद्र कुमार साहू पिता आनंदराम साहू, विजय कुमार पटेल पिता लकेश्वर पटेल, केदार सिंह राजपूत पिता बुद्धमन सिंह राजपूत, लक्ष्मीधर साहू पिता स्व. निरंजन साहू शामिल है। ने आरोपियों के कब्जे से 43 हजार 190 नकद जब्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।



## अच्छी पत्रकारिता करना है तो वृहद ज्ञान की आवश्यकता : उप मुख्यमंत्री

**सारंगढ़।** उप मुख्यमंत्री सह लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव रविवार को सारंगढ़ के गुरु घासीदास पुष्प वाटिका में प्रदेश स्तरीय पत्रकारों की कार्यशाला में शामिल हुए। इस दौरान आयोजक पत्रकारगणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने जैतखाम का पूजा अर्चना किया। राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया और शहीद पत्रकारों को श्रदांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद सोनिया चौहान इंटरनेशनल कराते विजेता, पुलिस निरीक्षक टीकाराम खटकर, राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मानित सुनीता यादव और प्रियंका गोस्वामी आदि को सारंग रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश प्रताप परिहार, उपाध्यक्ष नितिन सिन्हा और गोविन्द शर्मा ने उप मुख्यमंत्री से पत्रकार सुरक्षा कानून को सुधार कर लागू करने का आह्वान किया।



## फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में सुनाया फैसला

# आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना सरिया के अपराध जो कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित है में आरोपी हेमंत यादव पिता दुर्गा प्रसाद यादव निवासी वार्ड क्रमांक 15 सरिया थाना सरिया के द्वारा नाबालिक को पसंद करने और शादी करने की बात कहते हुए और साथ नहीं चलने से जहर पीकर मरने की धमकी देकर सह आरोपी अपने बुआ के घर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया था।

इसके संबंध में पीड़ित बालिका के परिजन द्वारा थाने में एफआईआर कराया गया था,। सरिया थाने में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीड़ित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ के द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को धारा 363 के तहत 05 साल का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। धारा 366 के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 (2) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत राज्य शासन को प्रतिकर भुगतान किए जाने की अनुशंसा की गई है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराध के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित करता है, इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए पैरवी की।



